हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

12 पार्षद की मंत्री पंवार से दो टूक, कमेटी नहीं हमें ...



12 मदीना शिव शंकर अखाड़े में पहुंचे खेल मंत्री ...



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- स्वच्छता को लेकर वार्ड-10 में सफाई अभियान सुबह 11 बजे
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली महम में आज, सुबह 10 बजे जांगड़ा के आवास पर पत्रकार वार्ता करेंगे।

## कोर्ट परिसर के लिए जमीन देने पर 'रार'

# यूनिवर्सिटी कोर्ट बैठक में उठा न्यायालय परिसर के लिए 25 एकड़ के अधिग्रहण का मामला

- कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में कई निर्णयों पर विचार मंथन
- बैठक में 47वीं वार्षिक रिपोर्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के आईएचटीएम सभागार में शुक्रवार को कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में 53वीं यूनिवर्सिटी कोर्ट की बैठक का आयोजन किया गया। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और वित्तीय निर्णयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में 52वीं यूनिवर्सिटी कोर्ट के मिनट्स को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान, वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान और वर्ष 2024-25 के अकाउंट्स को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की बैलेंस शीट और वर्ष 2022-23 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट को को भी मंजूरी दी गई। बैठक में 47वीं वार्षिक रिपोर्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण मामलों पर भी बैठक में गहन विचार विमर्श हुआ। बैठक में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस.सी. मलिक समेत यूनिवर्सिटी कोर्ट के सदस्य ऑफलाइन एंड ऑनलाइन शामिल हुए।

### वर्ष 2026-27 के बजट को भी मिली स्वीकृति



रोहतक। कोर्ट बैठक में मौजूद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत व डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस सी मलिक। फोटो : हरिभूमि

### सुनित मुखर्जी ने उठाया मुद्दा

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की जमीन को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। यूनिवर्सिटी कोर्ट की बैठक में सदस्य सुनित मुखर्जी ने झज्जर रोड बाईपास के साथ लगती 25 एकड़ से अधिक भूमि के कथित अधिग्रहण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण जमीन पर पुनर्विचार किया जाना बेहद जरूरी है, क्योंकि यह विश्वविद्यालय के भविष्य के विकास की आधारशिला है। एमडीयू केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र के शैक्षणिक और शोध विकास का केंद्र है। ऐसे में इस जमीन का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने चेताया कि यदि यह जमीन विश्वविद्यालय से अलग होती है, तो आने वाले समय में प्रस्तावित नए विभागों और शोध केंद्रों की योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

### अधिग्रहण पर जताई आपत्ति

सुनित मुखर्जी ने विशेष रूप से दो प्रमुख परियोजनाओं का जिक्र किया, जिनका सीधा संबंध इसी जमीन से है। इनमें पंडित दीन दयाल उपाध्याय उद्यमिता केंद्र शामिल है, जिसका शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किया गया था। इसके अलावा हरियाणा हैरिटेज विलेज परियोजना की नींव भी इसी भूखंड पर तत्कालीन कुलपति प्रो. राजबीर सिंह द्वारा रखी गई थी। मुखर्जी ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे प्रदेश की पहचान और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब इस जमीन पर पहले से ही विकास की ठोस योजनाएं तैयार हैं, तो फिर इसे अधिग्रहित करने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### प्रो. राजेश को सीडीओई के निदेशक का कार्यभार



रोहतक। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पर्यावरण विज्ञान विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजेश धनखड़ को सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो राजेश धनखड़ को सीडीओई के निदेशक का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर सौंपा गया है। यह कार्यभार तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगा। प्रो. राजेश धनखड़ ने विवि प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि वे इस दायित्व को पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ निभाएंगी।

### तनुज ने संभाला महम डीएसपी का कार्यभार

महम। महम के डीएसपी ऋषभ सोढ़ी का जींद तबादला हो गया है। अब उनकी जगह महम में डीएसपी तनुज शर्मा ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। तनुज शर्मा इससे पूर्व हिसार में कार्यरत थे।

### 24 बोतल देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रोहतक। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 24 बोतल देसी शराब बरामद की है। थाना महम पुलिस की टीम मुंशी नरेश के नेतृत्व में गांव सैमाण के आसपास गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गांव सैमाण का एक युवक परचून की दुकान की आड़ में अवैध शराब बेचने का काम कर रहा है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने गांव सैमाण के बस अड्डे के पास स्थित दुकान पर दबिश दी, जहां एक युवक संदिग्ध हालत में मिला। शक के आधार पर उसे काबू कर पूछताछ की गई। युवक की पहचान रविन्द्र पुत्र राजेंद्र, निवासी गांव सैमाण के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार तलाशी ली।

## 'विरासत' में ही रहेंगे डीसी


# अब डीसी ऑफिस के 100 मीटर के दायरे का 'मालिक' पुरातत्व विभाग

### एक ईंट लगाने को भी लेनी होगी अनुमति, हालांकि आपत्ति दायर करने का मौका

- बार एसोसिएशन की उम्मीदों पर फिरा पानी
- कोठी की मूल संरचना से छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

रोहतक की डीसी कोठी को पुरातत्व विभाग द्वारा विरासत घोषित किए जाने के बाद अब इस ऐतिहासिक भवन की तस्वीर बदल जाएगी। सबसे बड़ा बदलाव यह होगा कि कोठी की मूल संरचना से छेड़छाड़ नहीं की जा सकेगी। यानी दीवारें तोड़ना, नया निर्माण जोड़ना या आधुनिक ढांचा खड़ा करना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मरम्मत या नवीनीकरण भी केवल पारंपरिक शैली और विभाग की अनुमति से ही संभव होगा। इस इमारत का उपयोग सरकारी या सार्वजनिक हित के कार्यों, जैसे संग्रहालय, प्रशासनिक कार्यालय या सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए किया जा सकता है, लेकिन इसके ऐतिहासिक स्वरूप को बनाए रखना अनिवार्य होगा। आम लोगों के लिए सीमित या नियंत्रित तरीके से खोलने का विकल्प भी रहता है। वहीं, कोठी के आसपास निर्धारित दायरे में नए निर्माण, ऊंची इमारतें या भारी बदलाव पर भी पाबंदियां लागू हो सकती हैं, ताकि विरासत का स्वरूप प्रभावित न हो। पुरातत्व संरक्षित इमारतों के आसपास सभी प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। संरक्षित स्मारक के 100 मीटर के दायरे को प्रतिबंधित क्षेत्र माना जाता है।





### निर्माण पूरी तरह निषिद

जहां बिना अनुमति किसी भी तरह का निर्माण पूरी तरह निषिद्ध रहता है। वहीं 100 से 300 मीटर के बीच के क्षेत्र को नियंत्रित जोन घोषित किया जाने पर किसी भी निर्माण, मरम्मत या बदलाव के लिए विशेष अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

### ये आएंगे दायरे में

ध्यान रहे कि डीसी की कोठी के नजदीक कोर्ट कॉम्पलेक्स, लघु सचिवालय की नई और पुरानी इमारत, पिछली साइड में डीएलएफ कॉलोनी, विकास भवन, टेलिफोन एक्सचेंज, नगर निगम कार्यालय, सिंचाई भवन, एसबीआई बैंक और भाजपा नेता मनीष ग्रोवर की कोठी समेत कई बड़ी-बड़ी इमारते हैं। सरकार द्वारा गत 13 फरवरी को जारी की अधिसूचना के दो महीने तक कोई भी व्यक्ति अपना ऑब्जेक्शन दर्ज करा सकता है। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। जिससे क्षेत्र के विकास और विरासत संरक्षण के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

## अब ये 5 अहम सवाल

### सवाल 1 तुरंत खाली करने की जरूरत नहीं पड़ेगी

धरोहर घोषित होने का मतलब यह नहीं है कि वर्तमान उपयोग तुरंत खत्म कर दिया जाएगा। आमतौर पर ऐसी इमारतें लिविंग हेरिटेज के रूप में रखी जाती हैं, यानी उनका उपयोग जारी रहता है लेकिन सख्त संरक्षण नियम लागू हो जाते हैं। डीसी आवास सरकारी संपत्ति है, इसलिए प्रशासनिक जरूरत को प्राथमिकता दी जाती है। जब तक सरकार वैकल्पिक आवास उपलब्ध नहीं कराती या नीति में बदलाव नहीं होता, डीसी को तुरंत खाली करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भविष्य में इसे संग्रहालय या सार्वजनिक धरोहर स्थल में बदलने का निर्णय लिया जा सकता है।

### सवाल 2 कुछ हिस्सों को जा सकता है खोला

आम लोगों के लिए इसे खोलने की मांग बढ़ती है, लेकिन सुरक्षा और प्रशासनिक उपयोग के कारण यह पूरी तरह सार्वजनिक नहीं होता। आमतौर पर ऐसे स्थलों पर नियंत्रित विजिट की व्यवस्था होती है, जैसे विशेष अनुमति, सीमित समय या गाइडेड टूर। यदि प्रशासन चाहे, तो कुछ हिस्सों को दर्शकों के लिए खोला जा सकता है। लेकिन चूंकि यह अभी भी डीसी का आवास है, इसलिए सुरक्षा कारणों से फ्री एंट्री संभव नहीं होगी। भविष्य में इसे आंशिक हेरिटेज टूर स्पॉट बनाया जा सकता है।

### सवाल 3 सुरक्षा जांच की दिक्कतें आ सकती हैं

क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ सकती हैं, जैसे अधिकारियों की आवाजाही, निरीक्षण, और संभावित पर्यटन। इससे ट्रैफिक बढ़ने, पार्किंग दबाव और सुरक्षा जांच जैसी दिक्कतें सामने आ सकती हैं। यदि विजिटर्स को अनुमति मिलती है, तो भीड़ और शोर बढ़ सकता है। साथ ही, आसपास के लोगों को अपने मकानों में बदलाव या मरम्मत के लिए अतिरिक्त अनुमति लेनी पड़ सकती है। हालांकि, सकारात्मक पक्ष यह है कि इलाके की पहचान और संपत्ति का मूल्य भी बढ़ सकता है, जिससे लंबे समय में लाभ मिल सकता है।

### सवाल 4 नया प्रोजेक्ट शुरू नहीं होंगे

स्थल के आसपास आमतौर पर रेगुलेटेड जोन बनाया जाता है। इसमें नई इमारतों की ऊंचाई, डिजाइन, और निर्माण सामग्री पर नियंत्रण रहता है ताकि मूल संरचना की ऐतिहासिक सुंदरता प्रभावित न हो। भारी निर्माण, खुदाई, या कंपन पैदा करने वाले कार्यों पर रोक लग सकती है। कई मामलों में 100 से 300 मीटर के दायरे में विशेष अनुमति जरूरी होती है। बिना मंजूरी कोई नया प्रोजेक्ट शुरू नहीं किया जा सकता।

### सवाल 5 नए निर्माण पर रोक

धरोहर घोषित होने के बाद उस भूमि पर किसी भी नए निर्माण पर कड़ी रोक लग जाती है। डीसी आवास की एक एकड़ जमीन में पार्किंग बनाने की मांग अब और मुश्किल हो जाएगी। अगर यह क्षेत्र धरोहर सीमा में आता है, तो वहां निर्माण की अनुमति मिलना लगभग असंभव है। वकीलों को अब वैकल्पिक जगह तलाशनी पड़ेगी या प्रशासन से किसी अन्य स्थल पर पार्किंग की मांग करनी होगी। हां, अगर सरकार विशेष अनुमति दे और डिजाइन धरोहर मानकों के अनुरूप हो, तभी सीमित बदलाव संभव हो सकते हैं।

## बड़े पैमाने पर मरम्मत कार्य जारी

# आज 21 कॉलोनियों में बिजली रहेगी बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा मरम्मत कार्य किया जाएगा, जिसके चलते शनिवार को 21 कॉलोनियों में निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम की ओर से पहले ही सूचना जारी कर लोगों से सहयोग की अपील की गई है। जानकारी के अनुसार, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक वीटा प्लांट, सूर्य नगर, बैंक कॉलोनी, गोहाना रोड, पीर बोदी, छिकारा पेट्रोल पंप, रॉयल वैलवेट होटल क्षेत्र, सांगवान एकेडमी, रैनकपुरा, खोखरा कोट, अनंत पूरम सोसाइटी, कबीर कॉलोनी, फौजी कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, सेक्टर-1 और विनय नगर में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान इन इलाकों में रहने वाले लोगों को करीब तीन घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं, सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पीडब्ल्यूडी क्षेत्र, झंग कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, विकास नगर और किशनपुरा में बिजली बाधित रहेगी। इन क्षेत्रों में मरम्मत कार्य लंबा होने के कारण लगभग छह घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### जरूरी कार्य निपटा लें

निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले अपने जरूरी कार्य निपटा लें और बिजली से जुड़े उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करें। खासकर पानी की मोटर, इन्वर्टर और अन्य जरूरी उपकरण पहले से तैयार रखें, ताकि असुविधा को कम किया जा सके।

## खरक जाटयान गांव का मामला

# दो भाइयों पर हमला, अब समझौते का डाल रहे दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लाखनमाजरा ब्लॉक के गांव खरक जाटयान में दो सगे भाइयों पर हुए जानलेवा हमले के बाद अब मामला और गंभीर हो गया है। जहां एक ओर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है, वहीं, दूसरी ओर आरोपियों के परिजन पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बनाते हुए लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित मंजीत के अनुसार, घटना 12 जनवरी की है, जब वह अपने भाई जयदीप के साथ खेत में नहरी पानी लगाने गया था। इसी दौरान कुछ युवक उनके खेत में बैठकर शराब पी रहे थे। जब दोनों भाइयों ने उन्हें देखा, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और आक्रामक रवैया अपनाते हुए उनकी ओर बढ़ने लगे। स्थिति को भांपते हुए मंजीत ने अपने मोबाइल फोन से ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर दी। यह देख आरोपी भड़क गए और दोनों भाइयों को धमकाने लगे। मंजीत का आरोप है कि इसके बाद हमला अचानक और बेहद खतरनाक तरीके से किया गया। बताया गया कि एक आरोपी ने रास्ता रोककर उसके सिर पर जेली (नुकीला हथियार) से वार किया, जबकि दूसरे ने चेहरे पर हमला किया। तीसरे आरोपी ने कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। इस हमले में मंजीत गंभीर रूप से घायल होकर खेत में गिर पड़ा और काफी खून बह गए थे।

# हमले के तीन दोषियों को 7-7 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



नया बांस में एक परिवार पर जानलेवा हमले के मामले में एएसजे संदीप दुग्गल की अदालत ने तीन दोषियों को सात साल कैद की सजा सुनाई है। तीनों पर अलग-अलग धाराओं में सजा और जुर्माना किया गया है। मामले के अनुसार, नीटू निवासी गांव नया बांस ने शिकायत दी थी कि उनकी पड़ौसी नीलम के साथ दीवार को लेकर आपस में कहासुनी होती रहती है। 30 मार्च 2022 को वह और उसके पिता 5 बजे शाम अपनी मकान की छत पर बैठे थे। उसी समय पड़ोसी की छत पर शीटू व भोलू व ललित आ गए। शीटू व भोलू के हाथ में सरिया और ललित के हाथ में डंडा था। वह आते ही उसके पिता को गालियां देने लगे। उसके पापा ने गालियां देने से मना किया तो तीनों छत पर आ गए और आते ही शीटू ने पापा को सिर में सरिया मारा। ललित व भोलू ने भी अपने हाथों में लिए हुए सरिया व डंडों से हमला किया। उन्होंने पीड़िता के पिता के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। वह बचाव करने लगी तो उस पर भी हमला किया गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।दोनों पक्षों के गवाहों और सबूतों को देखते हुए कोर्ट ने तीनों को दोषी करार दिया।

### जुर्माना भी लगाया

कोर्ट ने तीनों को दोषी करार देते हुए सात साल सजा की सुनाई है। साथ ही अलग-अलग धाराओं में सजा के साथ जुर्माना लगाया गया है। तीनों को जुर्माना नहीं भरने पर अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

**टीकाकरण** 2030 तक सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने का लक्ष्य, डॉक्टर बोले घबराएं नहीं, लगवाएं वैक्सीन

## रोहतक पीजीआई की दो टूक

# एचपीवी वैक्सीन से नहीं होता है बांझपन, यह बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने में मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा में खासकर रोहतक में किशोरियों के बीच एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीन को लेकर झिझक और डर देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि सरकार द्वारा शुरू की गई इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना में अपेक्षित संख्या में छात्राएं टीकाकरण के लिए आगे नहीं आ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस स्थिति को देखते हुए अब बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है, ताकि किशोरियों और उनके अभिभावकों के मन में मौजूद भ्रांतियों को दूर किया जा सके। डॉक्टरों का मानना है कि किशोरियों या अभिभावकों में यह भ्रम है कि यह असुरक्षित है और बांझपन का कारण बनती है, या केवल महिलाओं के लिए है। वास्तव में, यह टीका बेहद सुरक्षित है, गर्भाशय ग्रीवा सहित कई प्रकार के कैंसर को रोकने में बहुत ज्यादा प्रभावी है। इसे पुरुष भी लगवा सकते हैं। लेकिन पहले चरण में केवल 14 वर्ष की किशोरियों के लिए टीकाकरण शुरू किया गया है। इसी वजह से जिले में अभी तक करीब 46 किशोरियों ने वैक्सीनेशन करवाया है।

### 14 साल तक की किशोरियों को लगाई जा रही वैक्सीन

दरअसल, एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाई जाती है, जो महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि सही उम्र 14 वर्ष में यह वैक्सीन लगाई जाए तो भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। यही वजह है कि कई विकसित और विकासशील देशों में इस वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जा चुका है।

### 28 फरवरी से शुरू हुआ महाअभियान

देश भर सहित हरियाणा में भी इस योजना की शुरुआत 28 फरवरी से की गई थी। शुरुआती दिनों में कुछ स्कूलों में अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला, लेकिन मार्च में बोर्ड परीक्षाओं के चलते छात्राओं की उपस्थिति कम हो गई। इसके अलावा, कई जगहों पर अभिभावकों की अनुमति न मिलने के कारण भी टीकाकरण की रफ्तार धीमी पड़ी है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि डर और गलत जानकारी इस स्थिति के मुख्य कारण हैं।

### यहां आज से शुरू हुआ वैक्सीनेशन

पहले चरण में वैक्सीनेशन सामान्य अस्पताल और आसपास के कस्बों के अस्पताल में शुरू किया गया। अब महम के साथ कलानौर, चिडी और मदीना में पहली बार वैकसीनेशन कार्यक्रम शुरू हुआ है। पहले दिन दस किशोरियों को वैक्सीन लगाई गई है। साथ ही पीजीआईएमएस में भी ओपीडी के कमरा नम्बर 204 में वैक्सीन लगानी शुरू कर दी गई हैं।

### यहां लगवाएं टीका

यह वैक्सीन सामान्य अस्पताल में लगानी शुरू की गई थी। अब पीजीआई के कमरा नम्बर 204 में भी यह वैक्सीन लगानी शुरू कर दी गई है। अभी कम संख्या में किशोरी वैक्सीन लगवाने के लिए आ रही हैं। अभियान चलाया गया है। **-डॉ वरुण खुराना, चिकित्सक, पीजीआईएमएस**

### स्कूल, शहरी क्षेत्र और गांवों में चलेंगे जागरुकता अभियान

इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार अब स्कूलों, गांवों और शहरी क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चलाएगी। इसमें स्वास्थ्य कर्मी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों की मदद ली जाएगी। साथ ही, अभिभावकों के लिए विशेष परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ उनके सवालों के जवाब देंगे।

### हरियाणा में तीन लाख किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगनी है

प्रदेश में करीब तीन लाख किशोरियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन (एचपीवी) निःशुल्क लगाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन लांच की थी। यह इंजेक्शन एचपीवी के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देता है, जो सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार है।

### अभिभावक पैनिक न हों, यह सुरक्षा के लिए



वैक्सीनेशन के लिए किशोरियों, अभिभावकों को जागरुक किया जा रहा है। महम, कलानौर, चिड़ी व मदीना में भी वैक्सीन लगाई जा रही हैं। आमजन का वैक्सीन के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। अभिभावक पैनिक न हों यह सुरक्षा के लिए है।
**-डॉ.रमेश चंद्र, सिविल सर्जन रोहतक**

# चरण धोकर और माथे पर तिलक लगाकर उतारी कन्याओं की आरती

## संकट मोचन मंदिर में रामनवमी पर हवन कर लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में शुक्रवार को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को महा नवमी और रामनवमी पर्व भक्तिभाव और हर्षोल्लास मनाई। इस अवसर पर नवरात्रे के नौवें दिन मां दुर्गा की भी पूजा अर्चना की गई। साध्वी ने भक्तों संग मां जगदंबे के स्वरूप में आईं कन्याओं के चरण धोकर, हाथों पर रोली मोली बांधकर, माथे पर तिलक, श्रृंगार का सामान देकर, उनकी पूजा व आरती की तत्पश्चात उन्हें छोले-पूरी-हलवा, नारियल का प्रसाद देकर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रातः हवन, मंत्रोच्चारण व विधि-विधाननुसार से दुर्गा स्तुति पाठ व कन्याओं का पूजन, भजन गायक सीमा शर्मा एवं मंडली द्वारा कीर्तन हुआ तत्पश्चात साध्वी मानेश्वरी देवी के प्रवचन, आशीर्वचन और दोपहर एक बजे भक्त भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। पंडित अशोक शर्मा द्वारा आरती की गई । यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में कन्याओं का पूजन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करवाते साध्वी मानेश्वरी देवी। फोटो : हरिभूमि

### पर्व सत्य की स्थापना का प्रतीक : साध्वी मानेश्वरी

साध्वी ने बताया कि वाल्मीकि रामायण के अनुसार अयोध्या के राजा दशरथ के कोई संतान नहीं थी। संतान प्राप्ति के लिए उन्होंने अपने गुरु महर्षि वशिष्ठ के निर्देशानुसार पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाया। यज्ञ की समाप्ति के बाद यज्ञकुंड से दिव्य खीर प्रकट हुई। कुंड से प्राप्त खीर को राजा दशरथ ने अपनी तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को वितरित का दी। इसी खीर के प्रभाव से समय आने पर चार दिव्य पुत्रों का जन्म हुआ जिन्हें श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के नाम से जाना गया। राम नवमी सनातन धर्म में धर्म की सत्य की स्थापना का प्रतीक पर्व है। शास्त्रों के अनुसार जब पृथ्वी अधर्म, अत्याचार और राक्षसी शक्तियों से पीड़ित हो गई थी, तब देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया। कार्यक्रम में भजन गायिका सीमा शर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियों के बीच अपनी सुरीली आवाज में मां के भजन गाकर भक्तों को नाचने झूमने और भक्ति के रस में डूबोए रखा।

### त्रेता युग में इसी शुभदिन भगवान राम ने माता कौशल्या के गर्भ से लिया था अवतार

साध्वी मानेश्वरी देवी गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में इसी शुभदिन पर भगवान राम ने माता कौशल्या के गर्भ से अवतार लिया था। उन्होंने बताया कि वैदिक विद्वानों का कहना है कि सनातन धर्म में अनेक पर्व और उत्सव मनाए जाते हैं, लेकिन राम नवमी का महत्व विशेष है। यह वह दिव्य दिन है जब भगवान विष्णु ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के रूप में पृथ्वी पर अवतार लिया। राम नवमी सत्य, धर्म, मर्यादा और आदर्श जीवन के सिद्धांतों का उत्सव है। इसी दिन भक्त भगवान राम के बालरूप की पूजा करते हैं और उनका जन्मोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया।

## महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकाली भव्य कलश यात्रा



**रोहतक।** जैन सभा के तत्वाधान में 1008 भगवान श्री महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव के शुभ अवसर पर पहले दिन जैनजति में श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक नमोकार बीजाक्षर महामण्डल विधान द्वारा विधान एवं पूजा अर्चना की गई। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। प्रातः 6 :30 बजे महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा सराय मंदिर से शुरू होकर झज्जर रोड मोड़ से होते हुए श्री दिगम्बर जैन जतिजी में पहुंची। यह सभी कार्यक्रम एलपीएस बोसार्ड के एमडी समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन की अध्यक्षता में संपन्न हो रहे हैं। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया महोत्सव विधान में सानिध्य श्री 108 मुनि निश्चिंत सागर महाराज, आर्यिका रत्न 105 सरस्वती भूषण माता, मुख्य अतिथि सिंगला फोरजिंग के चेयरमैन सुरेन्द्र जैन एवं साक्षी जैन, प्रधान रवि जैन, मनीष जैन, अतुल जैन, मुकेश जैन एवं सभी सदस्यों व अतिथियों ने झण्डा रोहण किया। इस अवसर पर बलजीत राय जैन, शलैष जैन, वरूण जैन, अरिहंत जैन, निखिल जैन, सुनील जैन, राजीव जैन, अजय जैन, अतुल जैन, अमित जैन, मनोज जैन डब्बू, सतीश जैन बैंक वाले, सुनील जैन, अनुज जैन, प्रदीप जैन आदि काफी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद थे।

## हनी मिस व सूरत सिंह बने मिस्टर फ्रेशर

**रोहतक।** केवीएम नर्सिंग कॉलेज में शुक्रवार को जीएनएम व एएनएम विद्यार्थियों के लिए रंगारंग फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर कर्मवीर मायना, सुनीता मायना व प्रिंसिपल ज्योति शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के आशीर्वाद के साथ की। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नए विद्यार्थियों की प्रतिभा देखने को मिली। जीएनएम प्रथम वर्ष में हनी को मिस फ्रेशर, धृति को मिस पर्सनालिटी, सूरत सिंह को मिस्टर फ्रेशर और मनीष को मिस्टर पर्सनालिटी चुना गया। वहीं एएनएम प्रथम वर्ष में खुशबू मिस फ्रेशर और अंजली मिस पर्सनालिटी रहीं। एएनएम द्वितीय वर्ष में अनामिका और पुष्पा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और अन्य प्रस्तुतियों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। अंत में प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



■ केवीएम नर्सिंग कॉलेज में हुई पार्टी

## खबर संक्षेप

### पंजाब में नौकरी करने गया युवक लापता

**गन्नौर।** बेगा निवासी एक युवक के लापता होने पर उसकी पत्नी ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बेगा निवासी खुशबू पत्नी प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी करीब 10 साल पहले प्रवीन पुत्र तेजपाल के साथ हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। उसका पति निजी कंपनी में काम करता था। 5 फरवरी 2026 को उसका पति पंजाब में नौकरी करने की बात कहकर घर से गया था। शुरुआत में 3-4 दिन तक फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उसने खुद को पंजाब में बताया, लेकिन सही स्थान की जानकारी नहीं दी। इसके बाद से उसका फोन बंद है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चोरी करने दुकान में घुसा, रंगे हाथ गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना शहर पुलिस ने दुकान में चोरी की कोशिश करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान ध्रुव उर्फ धीरू निवासी सुंदर सावरी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 26 मार्च 2026 को सेक्टर-23 निवासी सचिन ने शिकायत दी थी कि उसकी कन्फेक्शनरी दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया। सुबह दुकान खोलने पर आरोपी अंदर ही मिला। पूछताछ में उसने अन्य दुकानों में भी चोरी करने की बात कबूली।

### खेद प्रकट

'मोरखेड़ी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से रोहणा के सोमवीर की मौत' वाली खबर में छपे हैडिंग में गलती से सोमवीर का नाम छप गया। इसके लिए हमें खेद है। इस हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हुई थी।

## बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर इंदौर-हिसार सुपर फास्ट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रेल यात्रियों की सुविधा के लिए को इंदौर-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस के बहादुरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव की मांग उठाई गई है। इस संबंध में दिल्ली रोहतक दैनिक रेल यात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाडा ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर दोनों ट्रेनों का दो मिनट का ठहराव देने की अपील की है। पत्र में कहा गया है कि रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 20957 इंदौर-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार सफदरजंग से हिसार तक किया गया है। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को इंदौर से चलती है। वहीं, वापसी में गाड़ी संख्या 20958 हिसार से सोमवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को प्रस्थान करती है। यह ट्रेन बहादुरगढ़ स्टेशन से होकर गुजरती जरूर है, लेकिन यहां ठहराव नहीं होने के कारण स्थानीय यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। मथुरा जाने वाले हजारों यात्रियों को शकूरबस्ती या रोहतक स्टेशन तक जाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त समय और खर्च बढ़ता है। साथ ही उन स्टेशनों पर भी भीड़ का दबाव बढ़ जाता है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बहादुरगढ़ से हिसार रूट पर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें भिवानी होकर जाती हैं, जबकि यह एकमात्र सुपरफास्ट ट्रेन है जो महम-हांसी मार्ग से होकर हिसार जाती है। इसके बावजूद इसका ठहराव बहादुरगढ़ में नहीं होना यात्रियों के लिए असुविधाजनक है। समिति ने रेल मंत्री से मांग की है कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 20957 और 20958 का बहादुरगढ़ स्टेशन पर कम से कम दो मिनट का ठहराव जल्द से जल्द सुनिश्चित किया जाए, जिससे यात्रियों को राहत मिलने के साथ-साथ रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी हो सके।




**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन बहादुरगढ़।

## सरकारी पर भारी पड़ रही निजी खरीद, सांपला मंडी में सरसों के बेहतर दाम से किसानों की बल्ले-बल्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

■ 6500 रुपये प्रति क्विंटल पर हो रही सरसो की निजी खरीद

रबी फसल खरीद सीजन की शुरुआत के साथ ही सांपला अनाज मंडी में इस बार एक अलग ही तस्वीर देखने को मिल रही है। जहां एक ओर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को राहत देने का प्रयास किया गया है, वहीं दूसरी ओर निजी आढ़तियों द्वारा दिए जा रहे अधिक दामों ने किसानों का रुख अपनी ओर मोड़ लिया है। मंडी में सरसों की आवक शुरू हो चुकी है, लेकिन सरकारी खरीद की बजाय किसान निजी खरीदारों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसकी मुख्य वजह बाजार में मिल रहा बेहतर भाव और तुरंत भुगतान बताया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जहां सरकारी रेट 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, वहीं निजी खरीद 6500 रुपये तक पहुंच रही है, जिससे उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। मंडी में अपनी फसल बेचने आए किसान रोशन, सुरेश महेंद्र आदि ने बताया कि इस बार सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियम भी उनकी परेशानी बढ़ा रहे हैं। ई-खरीद पोर्टल, बायोमैट्रिक उपस्थिति और जियो-फेंसिंग जैसी व्यवस्थाएं किसानों के लिए जटिल साबित हो रही हैं। इसके मुकाबले निजी खरीद में प्रक्रिया आसान और भुगतान तत्काल मिल रहा है, जिससे किसान उसी को प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से मंडी में सभी तैयारियां पूरी होने का दावा किया गया है। साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, लेकिन इन व्यवस्थाओं के बावजूद सरकारी खरीद में अपेक्षित गति नहीं दिख रही।



**सांपला।** अनाज मंडी में निजी खरीद के तहत सरसों बेचते किसान का दृश्य।

### सरकारी खरीद को चुनौती

किसानों का मानना है कि जब तक बाजार में निजी खरीद के दाम समर्थन मूल्य से अधिक रहेंगे, तब तक सरकारी खरीद को चुनौती मिलती रहेगी। ऐसे में सरकार के लिए जरूरी होगा कि वह न केवल मूल्य, बल्कि खरीद प्रक्रिया को भी किसानों के लिए सरल और सहज बनाए।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गोविंद उर्फ ढिल्लू निवासी गांव गोपालपुर के रूप में हुई है। पुलिस को 26 मार्च को सूचना मिली थी कि आरोपित केएमपी फ्लाईओवर के पास अवैध पिस्तौल लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 32 बोर की देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी लाइसेंस पेश नहीं कर सका। इस पर थाना खरखौदा में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## विकसित भारत 2047 का सपना पूरा करने में शिक्षकों-कर्मचारियों की अहम भूमिका: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन को साकार करने के लिए हमें अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, सकारात्मक सोच और बड़े दृष्टिकोण के साथ निभाना होगा। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पदोन्नत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अभिनंदन समारोह में कही। शुक्रवार को आईएचटीएम में आयोजित इस समारोह में हाल ही में करियर एडवांसमेंट स्कीम तथा विभागीय पदोन्नति समिति के तहत पदोन्नत हुए शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संस्थान के विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता ही विश्वविद्यालय की असली ताकत है और यही शक्ति देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक और कर्मी को अपने कार्य में उत्कृष्टता लाने के लिए कर्म पर फोकस करना होगा। उन्होंने उपस्थित जन से आह्वान किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में सकारात्मक सोच और दृष्टिकोण के साथ योगदान दें और विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहभागी बनें। उन्होंने यह भी कहा कि बड़ी सोच और बड़े दिल के साथ किया गया कार्य ही समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में परिणाम देता है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि विवि प्रशासन हमेशा कर्मियों के हितों के प्रति संवेदनशील रहा है।




## 29 मार्च को होगा ज्ञान-विज्ञान समिति रोहतक का सम्मेलन

■ शहीद भगत सिंह के जेल जीवन पर आधारित 'छिपने से पहले' नाटक का होगा मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति पिछले 30 वर्षों से प्रदेश में वैज्ञानिक मानसिकता व सामाजिक बराबरी के मुद्दों को लेकर काम कर रही है। समिति विभिन्न स्कूलों, गांव व शहरी स्तर पर विज्ञान पर बातचीत और चमत्कारों का पर्दाफाश के माध्यम से अंधविश्वास, रूढ़िवादिता एवं अवैज्ञानिक समझ पर कार्यक्रम करते हुए अपने कार्य को निरंतर आगे बढ़ा रही है व समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित करती है। अपने इन्हीं कार्यों को विस्तार देने के लिए समिति का त्रिवार्षिक ज़िला सम्मेलन दिनांक 29 मार्च को किशनपुरा की चौपाल में होगा। सम्मेलन का आरंभ डॉ. रणबीर सिंह दहिया के उद्घाटन वक्तव्य से होगा व ज्ञान-विज्ञान समिति के राज्याध्यक्ष प्रो. प्रमोद गौरी वर्तमान हालात में ज्ञान-विज्ञान आंदोलन की भूमिका पर बातचीत रखेंगे। इसके तुरंत बाद ही शहीद भगत सिंह के जेल में कैदी जीवन आधारित नाटक 'छिपने से पहले' का मंचन भी होगा। सम्मेलन के अंतिम सत्र में तीन वर्ष के लिए जिला कार्यकारणी का चुनाव मौजूद प्रतिनिधियो द्वारा किया जाएगा। आज ज्ञान-विज्ञान केंद्र पर तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक मीटिंग की गई।

**सुविधा** लाइटिंग सिस्टम व स्टैच्यू ने लगाए पार्क की सुंदरता में चार चांद

## वार्ड-6 में राधे-राधे पार्क का सौंदर्यीकरण का पहला चरण पूरा, सुविधाओं की तैयारी

राधा-कृष्ण थीम पर आधारित कलात्मक पेंटिंग से मिलेगा सांस्कृतिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड-6 स्थित राधे-राधे पार्क का कायाकल्प अब साफ नजर आने लगा है। पार्क में चल रहे नव निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों को एक आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक सार्वजनिक स्थल मिल गया है। पहले चरण के तहत पार्क में व्यापक स्तर पर विकास कार्य किए गए हैं। पूरे परिसर में आधुनिक लाइटिंग सिस्टम लगाया गया है, जिससे रात के समय भी रोशनी और सुरक्षा बनी रहती है। पार्क का मुख्य आकर्षण बना राधे-राधे का भव्य स्टैच्यू और उसके आसपास बनाए गए सुंदर फव्वारे, जो माहौल को बेहद आकर्षक बनाते हैं। इसके साथ ही पार्क की दीवारों पर राधा-कृष्ण थीम पर आधारित कलात्मक पेंटिंग करवाई गई है, जो आगंतुकों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करती है। बच्चों और परिवारों के लिए आधुनिक झूले और बैठने की बेहतर व्यवस्था भी की गई है, जिससे हर आयु वर्ग के लोगों के लिए यह स्थान उपयोगी बन गया है।



**रोहतक।** राधे-राधे पार्क में नव निर्माण और सौंदर्यीकरण का उदघाटन करते मेयर राम अवतार वाल्मीकि, पार्षद नीरा भटनागर व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की पत्नी वीणा ग्रोवर। *फोटो : हरिभूमि*

### दूसरे चरण की तैयारियां शुरू

इस अवसर पर पार्षद नीरा भटनागर ने विकास कार्य में सहयोग के लिए पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर राम अवतार वाल्मीकि और नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा का आभार व्यक्त किया। वहीं पूर्व पार्षद नौराता मल भटनागर ने बताया कि इस विकास कार्य से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों और युवाओं के सुझावों को ध्यान में रखते हुए अब दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसमें और अधिक सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।

## तेल संकट के बीच भारत सुरक्षित, मोदी सरकार ने जनता को महंगाई से बचाया : शमशेर खरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ डीजल व पेट्रोल पर 10-10 रुपये कम हुई एक्साइज ड्यूटी



शमशेर सिंह खरक

पश्चिम एशिया में गहराते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए भूचाल के बीच भारत ने दुनिया के सामने सुशासन की नई मिसाल पेश की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा ईंधन की कीमतों में की गई भारी कटौती का स्वागत करते हुए इसे 'अंत्योदय' के संकल्प की सिद्धि बताया है। शुक्रवार को जारी एक बयान में खरक ने कहा कि जब दुनिया के विकसित देश भी तेल की बढ़ती कीमतों के आगे घुटने टेक चुके हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को महंगाई की आग से बचाने के लिए सरकारी खजाने पर भारी बोझ उठाना स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपये से घटाकर मात्र 3 प्रति लीटर कर दिया गया है, वहीं डीजल पर लगने वाली 10 की पूरी ड्यूटी को समाप्त कर दिया गया है।

इस क्रांतिकारी फैसले से आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला बोझ काफी कम होगा। खरक ने कहा कि मौजूदा संकट में सरकार के पास दो ही विकल्प थे। पहला - अन्य देशों की तरह बढ़ी हुई कीमतों का पूरा भार जनता पर डाल दिया जाए, या दूसरा-सरकार स्वयं वित्तीय दबाव सहकर नागरिकों को कवच प्रदान करे। मोदी सरकार ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए दूसरा विकल्प चुना। उन्होंने कहा कि डीजल पर 21.5 और एटीएफ पर 29.5 प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाने का निर्णय भी दूरदर्शी है, जिससे देश के भीतर ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और कालाबाजारी पर लगाम लगेगी। भाजपा नेता ने मोदी सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस निर्णय से न केवल परिवहन लागत कम होगी, बल्कि माल ढुलाई सस्ती होने से दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में भी गिरावट आएगी, जिससे सीधे तौर पर मध्यम और गरीब वर्ग को बड़ा लाभ मिलेगा।

## सुपवा में वर्ल्ड थियेटर डे : टीवी, सिनेमा, लाइटिंग तकनीक और सेट भी नहीं दे पाए थिएटर को मात

# भावना, संवेदना, इमोशन नहीं दे सकता एआई : प्रोफेसर केंद्रे

**40 से अधिक नाटककार, रंगकर्मी, निर्देशक, थिएटर क्लब संचालकों को सम्मानित किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) दिल्ली के पूर्व निदेशक, पद्मश्री प्रो वामन माधवराव केंद्रे ने कहा कि थिएटर की जगह एआई कभी नहीं ले सकता। जो भावना, संवेदना, इमोशन, आकर्षण, ऊर्जा, चुंबकीय अनुभव थिएटर के दौरान इसके कलाकारों की अदाकारी से मिलता है, वह एआई व डिजिटल मीडिया कभी नहीं दे सकता। थिएटर को टीवी, सिनेमा, लाइटिंग, तकनीक और अत्याधुनिक सेट आज तक भी मात नहीं दे पाए। जुनूनी लोगों के प्रयासों से थिएटर पहले भी था, आज भी है और आगे भी जिंदा रहेगा। वे दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में वर्ल्ड थियेटर डे पर आयोजित नाट्य संवाद व परिचर्चा में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इसका आयोजन फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एक्टिंग विभाग ने किया, जिसका विषय 'वर्तमान संदर्भ में रंगमंच : डिजिटल मीडिया और तकनीक का प्रभाव' रहा। एफटीवी के स्टूडियो-1 में आयोजित नाट्य संवाद व परिचर्चा में पहुंचने पर डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ आर्य ने कहा कि रंगमंच को जिंदा रखने की जिम्मेदारी सुपवा परिवार भली-भांति समझता है। इसलिए ही फरवरी महीने में विश्व के सबसे बड़े इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल 'भारत रंग महोत्सव' के हरियाणा चैप्टर की मेजबानी की। इसके साथ ही थिएटर को बचाने के लिए चार दिवसीय महोत्सव 'सारंग' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों में थिएटर को बढ़ावा देने वाले 40 से अधिक नाटककार, रंगकर्मी, निर्देशक, थिएटर क्लब संचालकों को सम्मानित किया गया।





रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ के दौरान मुख्यअतिथिगण तथा डीएलसीसुपवा में वर्ल्ड थियेटर डे पर आयोजित नाट्य संवाद व परिचर्चा में पहुंचे अतिथियों का सामूहिक शंखनाद कर स्वागत करते एफटीवी डिपार्टमेंट के छात्र-छात्राएं फोटो : हरिभूमि

### कथन को दूसरों तक पहुंचाने के लिए छात्र सिनेमा पढ़ना चाह रहे

पद्मश्री प्रो केंद्रे ने कहा कि अपनी कहानी, आइडिया, कथन को दूसरों तक पहुंचाने के लिए छात्र सिनेमा पढ़ना चाहते हैं। निर्देशन, लेखन, कथाकार, कलाकार, साउंड डिजाइन, आर्ट डिजाइन, कॉस्ट्यूम डिजाइन आदि ऐसी विधाएं हैं, जो अन्य रूटीन पढ़ाई से हट कर हैं। इनमें वही बच्चे दाखिला लेते हैं, जिनमें कुछ अलग करने का जज्बा होता है। सुपवा में आकर लगता है कि परफॉर्मिंग आर्ट्स को यहां सही तरीके से सिखाया जा रहा है, छात्रों को पारंगत बनाया जा रहा है। ये छात्र आने वाले समय में अपनी यूनिवर्सिटी, प्रदेश व देश का नाम जरूर रोशन करेंगे। प्रसिद्ध नाटककार व लेखक डॉ प्रताप सहगल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सही मायने में इंसान बनाने का काम नाटक करता है। यह नाटक ही है, जो व्यक्ति की सोच का दायरा व्यापक करने के साथ ही समृद्ध करता है। उसे संवेदनशील बनाता है।

### डिजिटल मीडिया समेत अन्य तकनीक का प्रयोग थिएटर में करना गलत नहीं

प्रसिद्ध रंगकर्मी व नाट्य प्रशिक्षक डॉ मृत्युंजय प्रभाकर ने कहा कि एआई व डिजिटल मीडिया समेत अन्य तकनीक का प्रयोग थिएटर में करना गलत नहीं है, लेकिन पूरी तरह इनके भरोसे होना बिल्कुल गलत है। ये कभी भी नाटक की मूल विचारधारा की जगह नहीं ले सकते। एआई की अपनी सीमित क्षमता है, जबकि थिएटर का दायरा व्यापक है। इसलिए एआई के आगे सरेंडर करने की बजाए इसे अपने समृद्ध नाटक के आगे झुकाने की जरूरत है।

### एप्सटीन फाइल से ध्यान हटाने को कर रहे युद्ध

पद्मश्री प्रो वामन माधवराव केंद्रे ने कहा कि एप्सटीन फाइल्स से ध्यान हटाने के लिए युद्ध किया जा रहा है। जिस देश की सांस्कृतिक विरासत मजबूत हो, जहां कलाएं पनपती हों, जहां की कला समृद्ध हो, वहां युद्ध नहीं होते। वहां थिएटर होते हैं। कथानकों के जरिए सवाल खड़े किए जाते हैं, पूछे जाते हैं, विध्वंस नहीं होते। युद्ध तो ध्यान डायवर्ट करने का जरिया है।

### एक्टिंग विभाग के प्रो. विभांशु वैभव ने मंच संचालन किया

इस दौरान एक्टिंग विभाग के प्रो विभांशु वैभव ने मंच संचालन किया। असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। इस अवसर पर फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के एफसी महेश टीपी, प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर के एफसी अजय बाहू जोशी, विजुअल आर्ट्स के एफसी विनय कुमार, एक्टिंग विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर दुष्यंत, केशव कुमार, डायरेक्शन से लेक्चरर दीप्ति खुराना, ऑडियोग्राफी से देबाशीश रे, एडिटिंग से इंद्रनील घोष आदि भी मौजूद रहे।

## निगम पर 50, कोर्ट परिसर पर 22 व शिक्षा विभाग पर 80 लाख बिजली बिल बकाया

# बाड़ ही खा रही खेत को

**बिल न भरने वालों पर सख्ती**

**36000 से ज्यादा उपभोक्ता डिफॉल्टर 67 करोड़ 49 लाख रुपये बकाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में बिजली निगम अब बकाया वसूली को लेकर पूरी तरह सख्त रुख अपनाता नजर आ रहा है। 36 हजार 520 उपभोक्ताओं पर कुल 67 करोड 49 लाख रुपये की बकाया राशि होने के कारण निगम ने इन्हें डिफॉल्टर की श्रेणी में डाल दिया है। इनमें नगर निगम पर 50 लाख, कोर्ट परिसर 22 लाख व शिक्षा विभाग पर 80 लाख रुपये बकाया है। निगम की ओर से साफ चेतावनी दी गई है कि समय पर बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर कनेक्शन काटे जाएंगे। हालांकि जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लगातार बेहतर बनाई जा रही है और अधिकांश गांवों में नियमित बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है, इसके बावजूद बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिल भुगतान में लापरवाही बरत रहे हैं। यही वजह है कि निगम को अब कड़े कदम उठाने पड़ रहे हैं।

### विशेष अभियान चला रहे

निगम अधिकारियों के अनुसार बकाया वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिल जमा नहीं कराया है, उन्हें पहले नोटिस भेजा जा रहा है। इसके बाद भी भुगतान नहीं करने पर दूसरी और तीसरी बार नोटिस दिया जाता है। यदि इसके बाद भी उपभोक्ता बकाया नहीं चुकाते, तो उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है।

### कोर्ट में फंसे करोड़ों रुपये के मामले उपभोक्ताओं पर 426 करोड़ बकाया



बिजली निगम के एसई बिजेंद्र नरवाल के अनुसार 104 उपभोक्ताओं के मामले फिलहाल कोर्ट में लंबित हैं। इन मामलों में कुल 427 करोड़ 32 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि बकाया है। कोर्ट में चल रहे मामलों के कारण इस राशि की वसूली फिलहाल अटकी हुई है। वहीं निगम अन्य डिफॉल्टरों से वसूली के लिए तेजी से अभियान चला रहा है और रोजाना लक्ष्य तय कर कार्रवाई की जा रही है।

### पांच हजार से कम वाले डिफाल्टर ज्यादा

दिलचस्प बात यह है कि डिफॉल्टरों में बड़ी संख्या उन उपभोक्ताओं की है जिनका बकाया पांच हजार रुपये से भी कम है। ऐसे 17 हजार 644 उपभोक्ताओं से ही करीब 3 करोड 18 लाख 53 हजार रुपये की राशि वसूली जानी है। यह आंकड़ा दिखाता है कि छोटी-छोटी राशि का बकाया भी मिलकर बड़ा वित्तीय बोझ बन गया है।

### डिफॉल्टरों में सभी श्रेणियों के उपभोक्ता शामिल

निगम अधिकारियों का कहना है कि डिफॉल्टरों में सभी श्रेणियों के उपभोक्ता शामिल हैं। इनमें घरेलू उपभोक्ता, कृषि कनेक्शन, नगर निगम, कोर्ट परिसर औद्योगिक इकाइयां और यहां तक कि कुछ सरकारी विभाग भी शामिल हैं। निगम का मानना है कि यदि सभी उपभोक्ता समय पर बिल जमा करें तो न केवल राजस्व बढ़ेगा बल्कि बिजली व्यवस्था को और बेहतर किया जा सकेगा।

### हर रोज 50 डिफॉल्टरों से वसूल की जाए राशि

वसूली अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निगम ने दैनिक लक्ष्य भी निर्धारित किया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन कम से कम 50 डिफॉल्टर उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूल की जाए। इसके लिए टीमों का गठन कर क्षेत्रवार जिम्मेदारी तय की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी निगम की टीमें सक्रिय हो चुकी हैं।

## बाबा मस्तनाथ विवि में वॉलीबॉल टूर्नामेंट संपन्न, चैंपियन बनी फिजियोथेरेपी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-फैकल्टी वॉलीबॉल (लड़कों का) टूर्नामेंट उत्साह और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की 8 टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ कुलपति डॉ. बी.एम. यादव और कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, समर्पण और टीम भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया।

पहले दिन मैनेजमेंट, फार्मेसी, फिजियोथेरेपी और आयुर्वेद टीमों ने शानदार खेल दिखाते हुए अगले दौर में जगह बनाई। दूसरे दौर में फार्मेसी और फिजियोथेरेपी टीमों ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें फिजियोथेरेपी फैकल्टी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि फार्मेसी टीम उपविजेता रही। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

स्पोर्ट्स डायरेक्टर अशोक कुमार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



रोहतक। आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट के समापन पर विजेता टीम के खिलाड़ियों के साथ कुलपति डॉ. बी.एम. यादव, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार एवं स्पोर्ट्स डायरेक्टर अशोक कुमार। फोटो : हरिभूमि

### इनसो प्रदेश अध्यक्ष ने कॉलेजों में सुनीं छात्रों की समस्याएं

**रोहतक।** शुक्रवार को इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक ने नेकीराम कॉलेज और जाट कॉलेज का दौरा कर छात्रों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की समस्याओं, सुझावों और शैक्षणिक माहौल से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। नेकीराम कॉलेज में उन्होंने प्रिंसिपल सुरेंद्र सांगवान से मुलाकात कर छात्र हितों से जुड़े विषयों पर बातचीत की। प्रिंसिपल ने छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। वहीं जाट कॉलेज में छात्रों ने दीपक मलिक का स्वागत किया और खुलकर अपनी समस्याएं रखीं। मलिक ने कहा कि इनसो हमेशा छात्रों की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी हर जायज मांग को मजबूती से प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने शिक्षा संस्थानों में छात्रों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इससे ही सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बन सकता है।

मार्केट न्यूज

### अथर्व आयुर्वेद में 'एमी संग योगा' का दूसरा बैच 6 अप्रैल से



**रोहतक।** सोनीपत रोड स्थित अथर्व मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में योगा का दूसरा एक महीने का बैच 6 अप्रैल से शुरू होगा। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देना, जीवन में कितना बड़ा बदलाव ला सकता है, इसका जीवंत उदाहरण इन दिनों अथर्व आयुर्वेद में चल रहे 'एमी संग योगा' सत्र बन रहे हैं। योग को केवल एक्सरसाइज मानने वाले लोगों की सोच यहां बदलती नजर आ रही है। अथर्व आयुर्वेद में आयोजित इन योगा सत्रों में भाग लेने वाले लोगों ने बताया कि एमी के साथ योग करने से उन्हें शरीर में लचीलापन, मानसिक शांति और सोच में सकारात्मक बदलाव महसूस हुआ है। प्रतिभागियों का कहना है कि वे पहले भी योग करते थे, लेकिन एमी का सिखाने का तरीका बिल्कुल अलग और प्रभावशाली है। अथर्व के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट डॉ. प्रिंस गिरोत्रा और चीफ वैलनेस ऑफिसर डॉ. डेनिश ने बताया कि एमी की ट्रेनिंग पारंपरिक योग और आधुनिक तकनीकों का बेहतरीन समन्वय है, जिससे लोगों को ज्यादा लाभ मिल रहा है। वहीं योग एवं नेचरोपैथी विशेषज्ञ डॉ. कृति के अनुसार, सत्र में शामिल सभी प्रतिभागी बेहद संतुष्ट हैं और योग के इस नए रूप को सराह रहे हैं। अथर्व आयुर्वेद प्रबंधन ने जानकारी दी कि रोहतकवासियों से अपील की गई है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाकर स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं और दवाइयों पर निर्भरता कम करें।

### राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मैनेजमेंट कमेटी ट्रेनिंग और बैठक की

**रोहतक।** बोहर गांव में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्या सुनीता राठी और एबीआरसी रश्मि की अध्यक्षता में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की ट्रेनिंग और अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए आने वाले बजट के कुशल उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्या सुनीता राठी के द्वारा विद्यालय परिसर में चल रही गतिविधियों में एनएसक्यूएफ लैब के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रत्येक एसएमसी सदस्य को प्रवेश उत्सव के दौरान कम से कम पांच एडमिशन विद्यालय में करवाए जाने के बारे में प्रोत्साहित किया गया।





### दुहन पब्लिक स्कूल, जसिया के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, जिला स्तर पर बढ़ाया मान

**रोहतक।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में दुहन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. पवन कुमार शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि योगेश्वर दत्त ने प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में गांव काहनी की पायल खत्री ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं गांव सांघी की पलक ने ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया और गांव धामड़ की वंशु ने थाली सजावट प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया और उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. अशोक दुहन, डायरेक्टर डॉ. सुनीता दुहन, प्राचार्या अन्नु राणा व स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अखिल भारतीय शास्त्र प्रतियोगिता में गुरुकुल रुड़की की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा कांचीपुरम में 10 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित 63वीं अखिल भारतीय शास्त्र प्रतियोगिता में गुरुकुल रुड़की की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हरियाणा का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न शास्त्र विधाओं में सात छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया। गुरुकुल की प्राचार्या पदमश्री डॉ. सुकामा ने बताया कि हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए कु. ऋचा, अंशिका, दिव्यांगना, दिव्या, प्राची, सोनाक्षी और हिमांशी ने क्रमशः सांख्ययोग भाषण, अमरकोष कंठपाठ, काव्य कंठपाठ, दर्शन श्लोक पाठ, रामायण कंठपाठ, उपनिषद कंठपाठ व अष्टाध्यायी कंठपाठ में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा कु. दीपांशी ने पुराण-इतिहास श्लोक परीक्षा में तृतीय स्थान हासिल किया। गुरुकुल की प्राचार्या डॉ. सुकामा ने सभी विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**डीएसपी सिटी ने दिए निर्देश** | मंच व डी-एरिया में अधिकृत व्यक्तियों की एंट्री, सेक्टरवार बैठाने पर जोर

# रैली व जनसभा के दौरान सुरक्षा प्रबंधन के गुर सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वीवीआईपी सुरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन जवानों को रैली और जनसभा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के अहम गुर सिखाए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के दिशा-निर्देशों और पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस सत्र में डीएसपी सिटी गुलाब सिंह ने जवानों को रैली व जनसभा के दौरान सुरक्षा प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में वीवीआईपी के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। डीएसपी गुलाब सिंह ने निर्देश दिए कि रैली या जनसभा स्थल पर प्रवेश और निकास के लिए पहले से ही उचित स्थान चिन्हित किए जाएं और वहां पर्याप्त संख्या में महिला व पुरुष पुलिस बल तैनात किया जाए। चेकिंग ड्यूटी पर केवल प्रशिक्षित और अनुभवी जवानों को ही लगाया जाए, ताकि हर व्यक्ति की प्रभावी तरीके से जांच की जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति चाहे महिला हो या पुरुष की अच्छी तरह से तलाशी ली जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके पास कोई संदिग्ध वस्तु न हो। इसके साथ ही आमजन को पहले से ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएं, ताकि जांच प्रक्रिया के दौरान किसी को असुविधा न हो। रैली और जनसभा में भीड़ प्रबंधन को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। डीएसपी ने बताया कि पंडाल को अलग-अलग सेक्टरों में बांटना बेहद जरूरी है, ताकि हर क्षेत्र पर नजर रखी जा सके और शरारती तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण हो। प्रत्येक सेक्टर में बैठने वाले लोगों को पहले से निर्धारित किया जाए और उन्हें यह जानकारी दी जाए कि उन्हें किस रास्ते से होकर अपने सेक्टर तक पहुंचना है। इसके अलावा, मंच और वीवीआईपी एरिया की सुरक्षा को लेकर भी कड़े निर्देश दिए गए। स्पष्ट कहा गया कि मंच और डी-एरिया में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया जाए। वहां आने वाले सभी व्यक्तियों की सूची पहले से तैयार हो और उनकी पूरी तरह से वेरिफिकेशन की जाए। प्रशिक्षण के दौरान थाना प्रभारी महम निरीक्षक रविन्द्र सिंह और जिला निरीक्षक जगबीर सिंह ने भी जवानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी सुरक्षा में छतों पर तैनात जवानों की भूमिका बेहद अहम होती है। दूरबीन के माध्यम से आसपास और दूर-दराज के क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जाए और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर तुरंत वायरलेस सेट के जरिए सूचना साझा की जाए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिए कि वीवीआईपी एरिया में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दिया जाए और हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए।



रोहतक। जवानों को रैली व जनसभा के दौरान सुरक्षा प्रबंधन के अहम पहलुओं से अवगत करवाते डीएसपी सिटी गुलाब सिंह।

# आर्य स्कूल मदीना का नॉन बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित

- प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में शुक्रवार को नॉन बोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष का परिणाम पिछले वर्षों की तुलना में अधिक अच्छा रहा है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य अशोक दांगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी दिए। उन्होंने विद्यालय की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सभी अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। साथ ही शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण और मार्गदर्शन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिला। पूरे वर्ष निरंतर अध्ययन और समर्पण के साथ तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के चेहरों पर सफलता की चमक साफ झलक रही थी। अभिभावक भी अपने बच्चों की इस उपलब्धि से अत्यंत प्रसन्न एवं संतुष्ट नजर आए और उन्होंने विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



महम। वार्षिक परीक्षा परिणाम के दौरान अपने बच्चों के साथ अभिभावक।




### हरिभूमि के सप्ताह के अतिथि कार्यक्रम में गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण मल्होत्रा बोले

# लीवर के नए दुश्मन मोबाइल और मोटापा शराब के सेवन से भी होता काला पीलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

काला पीलिया (हेपेटाइटिस-बी और सी) के खिलाफ चल रही जंग में पीजीआईएमएस रोहतक देश का प्रमुख और अग्रणी केंद्र बनकर उभरा है। पीजीआईएमएस के गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने शुक्रवार को बताया कि मोबाइल और मोटापा लीवर के नए दुश्मन हैं। वहीं, अत्यधिक शराब का सेवन भी काला पीलिया को बढ़ावा देता है और लीवर को खराब कर देता है। ऐसे में इन चीजों से दूरी बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर बीमारी के खिलाफ संस्थान की मुहिम वर्ष 2013 में शुरू हुई थी जो लगातार जारी है। "काला पीलिया" नाम भी यहीं से प्रचलन में आया, जिससे आम लोगों में जागरूकता बढ़ी। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अभिनेता अमिताभ बच्चन जैसे बड़े व्यक्तित्व ने भी अहम भूमिका निभाई है। उनकी भागीदारी से लोगों में बीमारी को लेकर जागरूकता और जांच के प्रति रुचि बढ़ी। पीजीआईएमएस के गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रवीण मल्होत्रा शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में सप्ताह के अतिथि कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उनका स्वागत सर्कुलेशन मैनेजर राजीव शर्मा ने किया, जबकि स्थानीय संपादक हिमांशु भूषण घिल्डियाल ने धन्यवाद किया और स्मृति चिह्न भेंट किया। हरिभूमि के महाप्रबंधक देवेंद्र बाल्याण ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान डॉ मल्होत्रा ने बताया कि संस्थान को वर्ष 2013 में हेपेटाइटिस-बी और सी के इलाज के लिए नेशनल नोडल सेंटर घोषित किया गया था।

**काले पीलिया के खिलाफ जंग में अग्रणी बना पीजीआईएमएस**

**अब तक लाखों मरीजों को मिल चुकी नई जिंदगी**

**2013 से शुरू हुई मुहिम बनी देशभर के मरीजों की उम्मीद**

**लोग उचित जीवन शैली अपनाएं और वर्कआउट करें**

**अभिनेता अमिताभ बच्चन भी जागरूकता के प्रतीक**



### जांच और दवाइयां पूरी तरह मुफ्त

हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य बना, जहां हेपेटाइटिस की जांच और दवाइयां पूरी तरह मुफ्त उपलब्ध करवाई गईं। यही कारण है कि मरीजों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। डॉ. मल्होत्रा के अनुसार वर्ष 2013 से 2025 के बीच लाखों मरीज पीजीआईएमएस में इलाज करवाकर स्वस्थ हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, करीब 25,000 मरीज हेपेटाइटिस-सी और 12,000 मरीज हेपेटाइटिस-बी से ग्रसित पाए गए। गंभीर मरीजों के लिए यहां एंडोस्कोपी सहित आधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे जटिल मामलों का भी सफल इलाज संभव है।

### इन क्षेत्रों से ज्यादा मरीज

हरियाणा के जींद, नरवाना, कैथल, हिसार, फतेहाबाद, पानीपत, मेवात और सोनीपत जिलों से सबसे अधिक मरीज सामने आ रहे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के शामली और सहारनपुर से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

### ऐसे फैलता है काला पीलिया

काला पीलिया मुख्य रूप से संक्रमित खून या असुरक्षित चिकित्सा प्रक्रियाओं से फैलता है। एक ही सुई का बार-बार उपयोग, नशे के इंजेक्शन, असुरक्षित यौन संबंध, बिना जांच के खून चढ़ाना और डायलिसिस के दौरान लापरवाही इसके प्रमुख कारण हैं। यदि परिवार के किसी सदस्य को हेपेटाइटिस-बी है, तो अन्य सदस्यों में संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे मामलों में पूरे परिवार की जांच और वैक्सीनेशन जरूरी है।

### लक्षण नहीं दिखना भी बड़ा खतरा

करीब 70 से 75 प्रतिशत मरीजों में बीमारी के स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते, जिससे यह और खतरनाक बन जाती है। वहीं 25 से 30 प्रतिशत मामलों में लीवर खराब होने पर पेट में पानी भरना, पैरों में सूजन और खून की उल्टी जैसे गंभीर लक्षण सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि मरीज केवल योग्य डॉक्टर से इलाज कराएं, नई सिरिंज का उपयोग सुनिश्चित करें, नशे से दूर रहें और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाते रहें। जागरूकता और सतर्कता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे बड़ा

### देश का सबसे बड़ा हेपेटाइटिस उपचार केंद्र

पीजीआईएमएस रोहतक देश के सबसे बड़े हेपेटाइटिस इलाज केंद्रों में शामिल हो चुका है। यहां न केवल हरियाणा बल्कि पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। प्रतिदिन औसतन 70 से 80 मरीज हेपेटाइटिस के इलाज के लिए यहां आते हैं, जिनमें 15 से 20 नए मरीज होते हैं, जबकि बाकी फॉलोअप केस होते हैं।

### अब लाइलाज नहीं रहा काला पीलिया

शोध और उपचार प्रणाली ने साबित कर दिया है कि काला पीलिया अब लाइलाज बीमारी नहीं रही। समय पर जांच और इलाज से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की समय पर स्क्रीनिंग से मां से बच्चे में संक्रमण को लगभग पूरी तरह रोका जा सकता है। जन्म के तुरंत बाद दी जाने वाली वैक्सीन और दवाएं बेहद प्रभावी साबित होती हैं।

---

### परिवेदना समिति बैठक में हुआ 12 शिकायतों का निपटारा

# पार्षद की मंत्री पंवार से दो टूक, कमेटी नहीं हमें रेलवे फुटओवर ब्रिज चाहिए

- चार लम्बित शिकायतों की जांच के लिए जांच समितियां गठित
- बैठक में भड़के कलानौर नगरपालिका के पार्षद सन्नी
- खेड़ी साध के रणबीर सिंह ने गांव के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने की मांग की



रोहतक। परिवेदना समिति की बैठक में समस्याओं को समाधान करते विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-गर्भ मंत्री कृष्ण लाल पंवार,विधायक भारत भूषण बत्तरा, महम के विधायक बलराम सिंह दांगी व मेयर रामअवतार वाल्मीकि।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्तरा, महम के विधायक बलराम सिंह दांगी, मेयर रामअवतार वाल्मीकि, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका व प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेणु डाबला, उपायुक्त सचिन गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार समेत दूसरे प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बुनियादी सुविधाओं को लेकर लोगों की नाराजगी अब बैठकों में भी खुलकर सामने आने लगी है। शुक्रवार को विकास भवन में हुई परिवेदना समिति की बैठक के दौरान कलानौर नगरपालिका के एक पार्षद सन्नी ने अधिकारियों और सिस्टम पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कमेटी- वमेटी से कुछ नहीं होता, समस्या का समाधान करो।

उनका गुस्सा उस समय फूट पड़ा जब क्षेत्र में लोगों के आवागमन के लिए लंबे समय से लंबित फुट ओवरब्रिज निर्माण का मुद्दा चर्चा में आया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार ने की। इस दौरान कुल 16 एजेंडे बैठक में रखे गए, जिनमें विभिन्न विभागों से जुड़े जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। सबसे ज्यादा बहस कलानौर में रेलवे फुट ओवरब्रिज के निर्माण को लेकर देखने को मिली। मंत्री पार्षद सन्नी को आश्वासन दे रहे थे कि उनकी मांग को लेकर एक कमेटी का गठन करा दिया जाएगा। गठन का नाम सुनते ही पार्षद ने मंत्री को दो टूक कहा कि हमें रेलवे फुट ओवरब्रिज चाहिए। सन्नी के अलावा गांव खेड़ी साध के रणबीर सिंह ने कहा कि उनका गांव पीने के पानी की एक बूंद के लिए तरस रहा है। मारुति उद्योग द्वारा कुछ साल पहले जो 6 पाइप लाइन दबाई थी, उससे अधिकांश समय पानी की आपूर्ति नहीं होती है। अगर बिजली एक केबल भी जल जाए तो उसके बदलने में एक सप्ताह तक लग जाता है।

### एक वर्ष में जारी जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्रों की जांच के निर्देश



विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-गर्भ मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पीजीआईएमएस द्वारा गत एक वर्ष के दौरान जारी किए गए जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्रों की जांच के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। यदि कमेटी की जांच में प्रमाण-पत्र जारी करने में कोई अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई जाए। उन्होंने कहा कि समिति के एजेंडे में 16 शिकायतें शामिल की गई थी, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया है तथा चार अन्य शिकायतों को लम्बित रखते हुए जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। पीजीआईएमएस का मामला फतेहपुर कॉलोनी निवासी मंजू विधवा अशोक की शिकायत का था। मंजू का कहना था कि उनके पति की मृत्यु दो साल भी पीजीआईएमएस ने प्रमाणपत्र जारी नहीं किया। इस पर मंत्री ने गत एक वर्ष के दौरान जारी किए गए जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्रों की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त, सिविल सर्जन तथा पीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल की समिति गठित करने के निर्देश दिए।

### मंत्री ने अफसरों की प्रशंसा की

मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्रीसैनी के नेतृत्व में सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ-साथ विपक्ष के विधायकों को अपने क्षेत्रों में विकास के लिए एक समान फंड उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। गरीब लोगों को सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के शासनकाल की अपेक्षा ज्यादा प्लॉट उपलब्ध करवाए गए हैं। देश में एलपीजी, डीजल व पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए सतर्क किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा गंभीरता के साथ नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है।

### निगम अधिकारियों को निर्देश

शिव विहार निवासी रविन्द्र सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गली के बीच में अनाधिकृत रूप से बनाए गए व्यक्तिगत सेप्टिक टैंक को तुरंत हटवाए। गांव कटेसरा निवासी विनोद कुमार की शिकायत की सुनवाई करते हुए निशानदेही के लिए एसडीएम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी एवं तहसीलदार की कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। बहुअकबरपुर निवासी कपूर सिंह सूबेदार की शिकायत की सुनवाई करते हुए उपमंडलाधीश की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। सैनिक कॉलोनी निवासी गीता की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी निरीक्षण कर यह पता लगाएगी की संबंधित फैक्ट्री द्वारा नियमों का उल्लंघन तो नहीं किया जा रहा है। निंदाना निवासी रानी की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि एलडीएम द्वारा पुलिस को जांच रिपोर्ट सौंपी जाएगी, जिसके अनुसार शिकायतकर्ता को पुलिस द्वारा न्याय दिलवाया जाएगा।

### सभी पोल को 15 दिन में शिफ्ट करें

विकास एवं पंचायत तथा खनन एवं भू-गर्भ मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गीता कॉलोनी व नगर कॉलोनीवासियों की शिकायत की सुनवाई करते हुए रेलवे के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऑफिशियल रूप से नगर निगम को डबल फाटक अंडरपास को टेकओवर करने के बारे में लिखित में दें, जिसके उपरांत नगर निगम द्वारा इस अंडरपास की देखरेख की जाएगी। मोहल्ला बेरी वाला निवासी रामअवतार की शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पिल्लर लगाकर शिकायतकर्ता की दुकान बनवाने में मदद करें। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा नाले से बिजली के सभी पोल को 15 दिन के अंदर शिफ्ट कर दिया जाएगा। ताजा माजरा के सरपंच की शिकायत के संदर्भ में कहा कि ताजा माजरा व गद्दी खेड़ी में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

---

# प्रशासन का दावा : पेट्रोल-डीजल की किल्लत नहीं, शहर में 6 दिन का स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को दिनभर प्रदेशभर से सूचनाएं मिलती रही कि एलपीजी के बाद अब पेट्रोल और डीजल की भी किल्लत शुरू हो गई। इन जानकारियों के बीच शुक्रवार देर शाम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विडियो कांफ्रेसिंग के जरिए रोहतक में पेट्रो पदार्थों का कितना स्टॉक है, इसका अपडेट जाना। जिला अधिकारियों ने पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच सीएम को आश्वस्त किया है कि अगले छह दिनों तक किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। प्रशासन के अनुसार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है और हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं।प्रशासन ने उन्हें बताया कि सभी फिलिंग स्टेशनों और गैस एजेंसियों पर स्टॉक संतोषजनक है और आपूर्ति की चेन लगातार बनी हुई है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

### दिनभर में 8200 सिलेंडरों की सप्लाई

उन्होंने कहा कि एलपीजी गैस की स्थिति भी संतुलित बताई गई है। दिनभर में 8200 सिलेंडरों की सप्लाई उपभोक्ताओं को की गई, जबकि देर शाम तक गैस एजेंसियों के पास 8310 सिलेंडरों का अतिरिक्त स्टॉक मौजूद था। प्रशासन का कहना है कि गैस वितरण नियमित रूप से जारी है और जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त सप्लाई भी मंगवाई जा रही है। निरीक्षक ने लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में जरूरत से ज्यादा ईंधन या गैस की खरीदारी न करें। ऐसा करने से कृत्रिम कमी की स्थिति बन सकती है। आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक इंतजाम तैयार हैं।

### रोहतक में 13 लाख 78 हजार लीटर पेट्रोल उपलब्ध

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक हरिओम के मुताबिक शुक्रवार शाम तक रोहतक के सभी 173 पेट्रोल पंपों पर कुल 13 लाख 78 हजार लीटर पेट्रोल और 20 लाख 24 हजार लीटर डीजल उपलब्ध था। इसके अलावा 3 लाख 26 हजार लीटर पेट्रोल और 5 लाख 26 हजार लीटर डीजल ट्रांजिट में है, जो जल्द ही पंपों तक पहुंच जाएगा। इस प्रकार कुल उपलब्धता को देखते हुए आने वाले दिनों में किसी तरह की कमी की संभावना नहीं है।

# मदीना शिव शंकर अखाड़े में पहुंचे खेल मंत्री गौरव गौतम, पहलवानों की कुश्ती देखी

**महम।** प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम शुक्रवार शाम को महम पहुंचे इस दौरान उन्होंने व्यापार मंडल महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा के आवास पर जलपान किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना। पलवल जाते समय वे मदीना टोल प्लाजा के पास स्थित शिव शंकर अखाड़े में पहुंचे।

यहां पर उन्होंने अखाड़े में खेल रहे पहलवानों से बातचीत की। उन्होंने पहलवान जतिन और सागर के बीच कुश्ती का मैच भी देखा। इस मैच में जतिन विजेता रहे। जतिन अंतर राष्ट्रीय खिलाड़ी शीलू मदीना के बेटै हैं। खिलाड़ियों ने खेल मंत्री से मैट की मांग की। खेल मंत्री ने अखाड़े को मैट उपलब्ध करवाने की घोषणा की। गांव की सरपंच अंजू शर्मा के पति जगबीर उर्फ राजा शर्मा ने उनको चांदी की गदा भेंट कर स्वागत किया।

### कोच संजय को सम्मानित किया



**महम।** पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती मैच का शुभारंभ करते खेल मंत्री।



**महम।** अखाड़े में खेल मंत्री गौरव गौतम को चांदी की गदा भेंट करते खिलाड़ी व ग्रामीण।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने अखाडे के कोच संजय को चादर ओढाकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत की ओर से गांव के विकास कार्यों का एक मांग पत्र राजा शर्मा ने मंत्री को सौंपा। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि गांव के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। खिलाड़ियों ने खेल मंत्री को बादाम मिला हुआ दूध पिलाया। भिवानी के भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल मुंढाल भी उनके साथ मौजूद थे।

---

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### नगर निगम ने सर्वे कर परिणाम किया घोषित

# वार्ड-6 स्वच्छता रैंकिंग में नंबर-1

**परिणाम के लिए कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन एवं नागरिक सहभागिता विशेष रूप से प्रभावी रहा**

### वार्ड-16 दूसरे व वार्ड-8 एवं 20 संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने तथा वार्ड स्तर पर स्वच्छ प्रतिस्पर्धा विकसित करने के उद्देश्य से स्वच्छ वार्ड रैंकिंग का आयोजन किया गया। इस रैंकिंग में वार्ड-6 ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वार्ड-16 द्वितीय स्थान पर रहा तथा वार्ड-8 एवं वार्ड-20 ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

इस कार्य के लिए निगम अधिकारियो ने वार्ड वाईज सर्वे किया तथा उसके पश्चात ही परिणाम घोषित किया गया। मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि यह स्वच्छ वार्ड रैंकिंग विभिन्न महत्वपूर्ण स्वच्छता मानकों के आधार पर तैयार की गई, जिनमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग देना, मैनुअल एवं मैकेनिकल स्वीपिंग, नालियों एवं नालों की सफाई, जी.वी.पी. कूड़े के ढेरो का नियंत्रण, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई, पार्कों की साफ-सफाई, स्वच्छता ऐप एवं अन्य माध्यम से प्राप्त सफाई कार्य से संबंधित शिकायतों का त्वरित निवारण तथा सामुदायिक भागीदारी जैसे बिंदुओं पर किए गए कार्यों का गहन मूल्यांकन किया गया। वार्ड-6 में कचरा संग्रहण, सेग्रीगेशन एवं नागरिक सहभागिता विशेष रूप से प्रभावी रही, जिसके चलते उसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वार्ड-16 ने भी सफाई व्यवस्था एवं शिकायत निवारण में बेहतर प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं वार्ड-8 एवं वार्ड-20 ने भी सभी मानकों पर संतोषजनक कार्य करते हुए संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने सभी विजेता वार्डों के सदस्यो, सफाई कर्मचारियों एवं नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने अन्य वार्डों को भी इनसे प्रेरणा लेकर स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का आहवान किया, ताकि पूरे शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके। नगर निगम द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की रैंकिंग जारी रखी जाएगी, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धा बनी रहे। यहां पर यह भी बताया जाता है कि अन्य वार्डों में ने स्वच्छता में काफी अच्छा कार्य रहा अर्थात बहुत कम अंतर से पीछे रहे है।

### प्रतिस्पर्धा के होने से सफाई कार्य में जनभागीदारी बढ़ी




नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा।

इस प्रतिस्पर्धा के होने से सफाई कार्य में जनभागीदारी बढी है व सफाई कार्य में काफी सुधार भी आया है। नगर निगम द्वारा निरंतर सफाई अभियान चलाए जाएंगें तथा निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों से अपील की कि वे गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग दें, कूड़ा इधर-उधर न डालें तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, ताकि रोहतक को स्वच्छता में अग्रणी शहर बनाया जा सके। सफाई कार्य की शिकायत के बारे में यदि किसी घर दुकान संस्थान से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा तो शिकायत 7303050200 व 7303050800 व सफाई कार्य न होने पर 18001805007, 8295900992 नंबरों पर दर्ज करवाए, तुरंत समाधान किया जाएगा।

### महम आईटीआई में लगा रोजगार मेला

# 178 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र सौंपे



**महम।** रोजगार के लिए चुने गए आईटीआई पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते विभिन्न कंपनियों के अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम में रोजगार मेला एवं शिक्षुता मेला आयोजित किया गया। संस्थान के प्रिंसिपल इंद्र सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में देश व प्रदेश की नामी कंपनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले मे सभी तकनीकी व्यवसाय जैसे इलैक्ट्रीशियन, वायरमैन, फिटर, टरनर, वैल्डर, मशीनिष्ट, टूल एंड डाई, मोटर मैकेनिक व्हीकल, डीजल मैकेनिक, कारपेन्टर, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, कोपा आदि तथा दसवीं, बाहरवीं, डीप्लोमा, बीटेक पासशुद्धा छात्र व छात्राओं का शिक्षुता एवं रोजगार के लिए लगभग 307 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें 178 प्रतिभागियों को मौके पर ही ज्वाईनिंग लैटर देकर चयन कर लिया गया। प्रधानाचार्य इन्द्र सिंह ने संस्थान में पहुंचने पर सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों का आभार जताया और चयनितों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दीं।